दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 27 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

02. खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा–अगले पाँच वर्षो में चार करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल विकास का मिलेगा प्रशिक्षण।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, पश्चिम चंपारण के रामनगर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आयरन की गोली खाने से दो दर्जन से अधिक छात्राओं की तबीयत बिगड़ी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत दो हजार सैंतालीस प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा है। नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों से सीधे जुड़े होने के कारण राज्य इस उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति का माध्यम है। श्री मोदी ने कहा कि देश सही दिशा में आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि देशवासियों में पूरा उत्साह और विश्वास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत /2047 के सपनों को सभी राज्यों के सम्मिलित प्रयासों से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित राज्य विकसित भारत बनाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि भारत एक युवा देश है। यह अपने कार्यबल के कारण पूरे विश्व के लिए आकर्षण बना हुआ है। इसका उद्देश्य युवाओं को कुशल और रोजगारपरक कार्यबल बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए कौशल, अनुसंधान, नवाचार और रोजगार आधारित जानकारी की आवश्यकता है। नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित की गई। इस बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, पदेन सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और विशेष आमंत्रित सदस्य तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य शामिल हुए। इस बैठक में विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को हासिल करने में राज्यों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा

हुई। नीति आयोग ने कहा है कि सकल घरेलू उत्पाद पांच ट्रिलियन डॉलर के आंकडे को पार करने के साथ भारत विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालती एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––

खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि आम बजट के प्रावधानों में रोजगार के बड़े अवसर खुलेंगे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि बजट में प्रशिक्षण योजना की घोषणा से पांच साल में चार करोड से अधिक युवाओं को कौशल विकास का अवसर मिलेगा। श्री मांडविया ने कहा कि शीर्ष कंपनियों के प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव से युवाओं में कौशल और रोजगार क्षमता में सुधार होगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि आम बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों को समर्पित है। दरभंगा के लहेरिया सराय में पत्रकारों से बतचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि अमृतकाल का यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता विजन और विकसित भारत को दर्शाता है। श्री पासवान ने कहा कि यह बजट किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित है।

––––––––––––––––––––––––––––––––

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंडेरा गांव के राजकीय प्राथमिक उत्क्रमिक मध्य विद्यालय में आयरन की गोली खाने से लगभग दो दर्जन छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सभी बच्चियों का इलाज पीएचसी मे कराया जा रहा है।

––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के मासिक कार्यक्रम की एक सौ बारहवीं कड़ी है। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दूसरी कड़ी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, पी एम ओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जाएगा।

---

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश  न्यायामूर्ति के. विनोद चंद्रन ने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर लोगों का आक्रोश समाज में आम बात है। इससे न्यायाधीशों, अनुसंधानकर्ताओं और अभियोजकों को प्रभावित नहीं होना चाहिए। तीन नये अपराधिक कानूनों पर आज से पटना के ज्ञान भवन में शुरू दो दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए न्यायमूर्ति चन्द्रन ने कहा कि बेहतर और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए बिहार में फॉरेंसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में कई अधिवक्ता, लोक अभियोजक, सहायक अभियोजक अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

---

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शिक्षकों से अपील की है कि वे बच्चों को प्रेरणादायक किताब और अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित करें। श्री आर्लेकर पटना के खगौल स्थित डीएवी स्कूल में शिक्षक और छात्रों के साथ संवाद कर रहे थे। राज्यपाल ने बच्चों के बीच मोबाईल प्रयोग की आदत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए काफी हद तक अभिभावक ही जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि बच्चे किताब और अखबार पढ़ने के अलावा लिखने की आदत बना ले तो मोबाईल की आदत कम हो जायेगी। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य सह क्षेत्रीय पदाधिकारी एस.के झा ने भी विचार व्यक्त किया।

---

पेरिस में आयोजित ओलंपिक खेलों से भारत के लिए अच्छी खबर आयी है। भारत के बलराज पवार ने रोइंग स्पर्धा के पुरूष एकल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक के लिए होने वाले मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इधर, निशानेबाज मनु भाकर भी दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के पदक दौर में शामिल हो गयीं है। वे अट्ठाईस जुलाई को इस स्पर्धा के फाइनल में मेडल के लिए निशाना लगायेंगीं

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय दल को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने आशा जतायी है कि भारतीय खिलाड़ी अपने असाधारण प्रदर्शन से देशवासियों को प्रेरित करेंगे।

———बाईट———

————————————————————————

पूर्णियां पुलिस ने शहर के डाकबंगला चौक स्थित एक आभूषणालय में कल दिन दहाड़े हुई लूट की घटना का उद्भेदन करने का दावा किया है। पुलिए अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा इस सिलसिले में दो लागों को गिरफ्तार किया गया। श्री वर्मा ने कहा कि एक कांड में बाहर के गिरोह के शामिल होने की संभावना है। पुलिस छापेमारी कर रही है जल्द ही लूट कांड में शामिल सभी अपराधियों को पकड़ लिया जायेगा।

————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी— एन टी ए ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा—नीट यूजी का संशोधित परिणाम जारी कर दिया है। देशभर से तेईस लाख तैंतीस हजार दो सौ संतानवे अभ्यर्थियों में तेरह लाख पन्द्रह हजार आठ सौ तिरेपन सफल हुए हैं। संशोधित परिणाम में सत्रह उम्मीदवार टॉपर हुये हैं। पिछले परिणाम में टॉपर की संख्या सड़सठ थी। दरभंगा के माजीन मंसूर सात सौ बीस में से सात सौ बीस अंक लाकर टॉपर बने हैं। मेरिट लिस्ट में पहले सौ छात्रों में बिहार के पांच छात्रों ने अपनी जगह बनाई है।

————————————————————————

पूर्व विधायक और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव तथा प्रवक्ता राजीव रंजन का अंतिम संस्कार आज पटना के दीघा स्थित जनार्दन घाट पर किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इससे पहले उनका पार्थिव शरीर विधान सभा परिसर में लाया गया। जहाँ विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव, जल संसाधान मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी और अन्य गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव रंजन का कल नई दिल्ली में असामयिक निधन हो गया था। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा का अंतिम संस्कार आज सीतामढ़ी जिला स्थित उनके पैतृक गांव कोरियाही में किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विणी चौबे, मध्यप्रदेश सरकार के कई मंत्री समेत अन्य गणमान्य लाग मौजूद थे। इसके पूर्व प्रभात झा का पार्थिव शरीर विशेष विमान से दरभंगा लाया गया जहाँ लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए।

————————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की गतिविधि कमजोर पड़ने से बहुत कम बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश के उत्तर–पूर्व भागों के कुछ स्थानों को छोड़कर राज्य के अधिकांश भागों में लोगो को उमसभरी गर्मी का सामना करना पर रहा है। इधर, ताजा जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर  अच्छी वर्षा हुई है। औरंगाबाद के नबीनगर में सबसे अधिक अड़सठ दशमलव छह मिलीमीटर दर्ज की गइ। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, बक्सर, सारण, सीवान, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण समेत राज्य के उत्तर और दक्षिण–पश्चिम भागों के अनेक स्थान पर मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। विभाग ने कहा है कि तीस जुलाई के बाद प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर मॉनसून की गतिविधिया बढेंगी जिससे सामान्य बारिश की संभावना है।

———बाईट———

————————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में अल्प वर्षा के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, घाघरा, बागमती समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृति बनी हुई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी की जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर, भागलपुर समेत सभी स्थानों पर घटा है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान और सारण में लगातार घट रहा है। गंडक नदी के जलस्तर में भी मुजफ्फरपुर, वैशाली, गोपालगंज और पश्चिम चंपारण में कमी दर्ज की गई है। हालांकि गोपालगंज के डुमरिया घाट में नदी का जलस्तर अभी भी लाल निशान के ऊपर बना हुआ है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा, कटिहार के कुर्सेला

---

राज्य के सरकारी विद्यालयों में आज से शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा सप्ताह आगामी तीन अगस्त तक चलेगा।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कजलसिता कजलेटा गांव के तालाब में डूबने से छात्र की मौत हो गयी।

---

कटिहार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और वाणिज्य विभाग की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर एक सौ एकसठ बेटिकट यात्रियों को गिरफ्तार किया है।

---

सीतामढ़ी जिले के बेलसंड के जाफरपुर मंदिर से चोरों ने अष्टधातु की कीमती मूर्तियां चोरी कर ली। इस दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने पुजारी की चाकू मार कर हत्या कर दी।

---

गोपालगंज में मीरगंज थाना अंतर्गत बड़कागाँव कोल्ड स्टोरेज के पास शौचालय टंकी का सेंट्रिंग खोलने के दौरान दो मजदूरो की दम घुटने से मौत हो गयी।

———————————————————————

खगड़िया जिला के मोरकाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बछौता स्थित पोखर में स्नान करने के दौरान दो युवकों की डूबने से मौत हो गई ।

———————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

02. खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा—अगले पाँच वर्षो में चार करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल विकास का मिलेगा प्रशिक्षण।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, पश्चिम चंपारण के रामनगर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आयरन की गोली खाने से दो दर्जन से अधिक छात्राओं की तबीयत बिगड़ी।

———————————————————————

समाप्त